आदेश संख्या-04 / 2020-20 / IQAC  दि० 02-7-2020

तत्काल प्रभाव से वैश्विक आपदा कोरोना प्रबन्धन समिति निम्न विवरणानुसार गठित की जाती है।

01. डॉ० रविप्रकाश प्रकाश गुप्त संयोजक  Ravi
02- डॉ० घनश्याम कुशवाहा संयोजक
03- डॉ० कमलेश सिंह सदस्य  Kamlesh
04 - डॉ० सौरभ सिंह  "  Saurabh singh
05 - सुश्री नीता रानी शर्मा  "
06. श्री राम किंकर सिंह  "

उपरोक्त समिति की एक आवश्यक बैठक आई.क्यू.ए.सी. कक्ष में अपराह्न 12 बजे आहूत की जाती है।

प्राचार्य

आज हुई उपरोक्त बैठक में निम्न निर्णय लिए गये-

ATR-

1- जागरूकता हेतु महाविद्यालय के मेन गेट पर एक फ्लैक्स बैनर बनवाकर लगाया जाय, जिस पर कोरोना बचाव सम्बन्धी निर्देश लिखे हो।
2- महाविद्यालय में प्रवेश के पश्चात थर्मल स्कैनिंग, सेनेटाइजर तथा साबुन से हैंडवाश की उचित व्यवस्था कराई जाए।
3- कक्ष को सेनेटाइज कराने की व्यवस्था की जाए।
4- महाविद्यालय में दस से अधिक लोगों को प्रवेश न दिया जाए।
5- महाविद्यालय में कोरोना-19 से बचाव के लिए महा० को सेनेटाईज, थर्मल स्कैनिंग आदि के लिए एक दैनिक भोगी व्यक्ति की नियुक्ति की जाए।
6- महाविद्यालय के अनुशासन समिति के समस्त सदस्य उपरोक्त नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

2/7/2020
प्राचार्य

Saurabh Singh
Ravi
Asha

आदेश संख्या- 05 /2020-21/IQAC दिο- 01.7.2020

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों की एक आवश्यक बैठक आई. क्यू. ए. सी. कक्ष में अपराह्न 01 बजे आहूत की जाती है जिसमें प्रवेश प्रक्रिया आदि पर विचार विमर्श किया जायेगा।

Kamlesh

प्राचार्य

Archana Gupta

Saurabh Singh

Asha

ATR

बैठक में निम्नलिखित निर्णय लिए गए —

# महाविद्यालय परिसर में मास्क के बिना प्रवेश वर्जित किया गया।

# इन्फ्रारेड थर्मामीटर, सेनेटाइजर तथा अन्य उपयोगी उपकरण स्थानीय स्तर पर क्रय कर लिए जाएँ।

# कोराना जागरूकता-संबंधी एक बैनर महाविद्यालय के गेट पर लगाया जाए।

# प्रवेश फॉर्म ऑनलाइन आवेदन 22 जून, 2020 से प्रारंभ हो चुका है इसकी अंतिम तिथि लॉकडाउन के अनुसार तय की जाएगी।

Asha

प्राचार्य

Archana Gupta

आदेश संख्या- 06 /2020-21/IQAC दिο- 02.7.2020

महाविद्यालय के रूसा समिति के समस्त सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आई. क्यू. ए. सी. कक्ष में अपराह्न 02 बजे आहूत की गई है।

प्राचार्य

Saurabh Singh

ATR

आज हुई उपरोक्त बैठक में निम्न निर्णय लिए गये।

1- Zoom App का Paid Subscription खरीदा जाये। (1 month)

2. 07 July 2020 को Webinar आयोजित होगा EBSB के अंतर्गत।

P.T.O.

Scanned with OKEN Scanner

3. जनवरी में order किया गया UPDESCO से computer Lab हेतु समान प्राप्त हुआ। (01/07/2020 को प्राप्त)
4. प्राप्त सामान computer Lab में Install होने के पश्चात द्वितीय किस्त अवमुक्त किया जाय।

03/7/2020

प्राचार्य

Saurabh Singh

Arohana Gupta

Asha Rai

आदेश 16/2020-21/IQAC दिनांक 21.09.2020

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय की पुरातन छात्रा श्रीमती निशा सिंह (2010 बैच) के व्यक्तिगत अनुरोध पर उनकी पारिवारिक हिंसा से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए प्राक्टोरियल बोर्ड के प्रभारी एवं सदस्य, महिला सशक्तिकरण समिति के प्रभारी एवं सदस्य एवं महिला शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं सदस्य, आई०क्यू०ए०सी के प्रभारी एवं सदस्यों की एक आवश्यक बैठक आई०क्यू०ए०सी० कक्ष में अपराह्न 12:15 बजे इस आशय से आहूत की जाती है कि सम्बन्धित को उचित दिशा निर्देश दिया जा सके।

21/9/20
प्राचार्य

21/09/2020

आदेश 17/2020-21 दिनांक 22-09-2020

आवश्यक सूचना

समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक आज दिनांक 22-09-2020 को IQAC कक्ष में दोपहर 12:30 बजे आयोजित की जाती है जिसमें बी०ए० द्वितीय वर्ष एवं तृतीय वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया पर विचार किया जायेगा। सभी सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारी समयानुसार अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

22/9/2020
प्राचार्य

22/9/20

बैठक में किए गए विचार-विमर्श और निर्णय के विवरण -

(i) बी०ए०-II तथा III के प्रवेश हेतु (सत्र-2020-21) ऑनलाइन फॉर्म भरने की तिथि 25/09/2020 से 03/10/2020 तक।

(ii) छात्राएँ अंक पत्र की जगह प्रवेश-पत्र अपलोड करेंगी।

(iii) प्रवेश कार्य प्रारंभ करने की तिथि - 05/10/2020

(iv) बी०ए०-II प्रवेश समिति - डॉ० रवि प्रकाश गुप्ता, श्री घनश्याम कुशवाहा

(v) बी०ए०-III - प्रवेश समिति - डॉ० सर्वेश कु० सिंह, डॉ० कमलेश कु० सिंह

(vi) एम०ए० - III सेमेस्टर में प्रवेश की तिथि शीघ्र ही तय की जाएगी।

प्रवेश समिति - हिन्दी विभाग - डॉ० कमलेश कुमार वर्मा, डॉ० रामकृष्ण
समाजशास्त्र विभाग - डॉ० घनश्याम कुशवाहा, डॉ० कमलेश कु० सिंह

(vii) विश्वविद्यालय के प्रोन्नति नियमों का पालन किया जाएगा। अनुत्तीर्ण होने की दशा में शुल्क प्रतिपूर्ति का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

22/9/20
प्राचार्य

आदेश सं० - 19 / 2020-21 / IQAC दिनांक - 30-9-2020

आवश्यक सूचना

समस्त प्राध्यापकों को सूचित किया जाता है कि बी०ए० प्रथम वर्ष सत्र 2020-21 में प्रवेश प्राप्त छात्र/छात्राओं के कक्षा संचालन एवं 02 अक्टूबर गाँधी जयन्ती के आयोजन के सन्दर्भ में विचार विमर्श हेतु एक आवश्यक बैठक आज दिनांक 30-9-2020 को अपराह्न 02 बजे प्राचार्य कक्ष में आहूत है। आप सभी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

प्राचार्य
30/9/20

[signatures]

ATR

आदेश संख्या - 19 / 2020-21 दिनांक - 30-9-2020 के क्रम में आहूत बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिया गया -

01- कोविड 19 के आलोक में सरकार द्वारा जारी सामाजिक दूरी और मास्क सम्बन्धी निर्देश का पालन करते हुए प्रथम वर्ष की छात्र/छात्राओं को ऑनलाइन कक्षा के बारे में आवश्यक निर्देश दिनांक 01-10-2020 को प्रातः 11 बजे प्रदान किया जाय।

02- छात्र/छात्राओं को समय सारिणी, अनुशासन, छात्रवृत्ति एवं महाविद्यालय में संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी दी जाय।

03- छात्र/छात्राओं को निर्धारित कक्षों में बैठने के बाद ऑनलाइन सम्बोधन की व्यवस्था की जाय।

04- गाँधी जयन्ती 02 अक्टूबर के अवसर पर सभी प्राध्यापक एवं कर्मचारी प्रातः 09-30 बजे तक महाविद्यालय में उपस्थित हो जाँय।

05- उ०प्र० शासन / जिलाधिकारी, वाराणसी के निर्देशानुसार गाँधी जयन्ती समारोह का आयोजन एवं सर्वधर्म सभा का संचालन कर लिया जाय।

[signatures]

प्राचार्य
30/9/20

आदेश संख्या-22/2020-21/IQAC दिनाँक 14/10/2020

उ० प्र० शासन के पत्रांक 4092/सत्तर-3-2020-08(512)/2020 दिनाँक 13/10/2020 के निर्देशानुसार दिनाँक 15/10/2020 को "विश्व हाथ धुलाई दिवस" महाविद्यालय द्वारा आयोजित किया जाना है जिसका विषय है "सभी के लिये हाथ स्वच्छता" (Hand Hygiene for all)। इस हेतु प्रत्येक महाविद्यालय द्वारा अपने समस्त छात्रों एवं उनके अभिभावकों के हितार्थ 12 से 01 बजे वेबिनार/वर्चुअल बैठक आयोजित की जानी है तथा कृत कार्यवाही की रिपोर्ट निर्धारित प्रारूप पर दोपहर 1:30 बजे तक उच्च शिक्षा विभाग को मेल किया जाना है। इसके अतिरिक्त अपरान्ह 2 बजे से 4 बजे तक विश्वविद्यालय स्तर पर ① पोस्टर ② स्लोगन (20 शब्द) ③ कहानी लेखन (300 शब्द) का भी आयोजन इसी विषय पर Corona-19 के सन्दर्भ में किया जायेगा। उत्कृष्ट प्रविष्टि को पुरस्कृत भी किया जायेगा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवियों द्वारा भी समुदाय के लोगों/परिवार में मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग तथा हाथ की सफाई के प्रति जागरूक करने का कार्य किया जायेगा।

उक्तानुसार कार्यवाही सम्पादित करने हेतु समस्त प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की एक आवश्यक बैठक आज IQAC कक्ष में 2 बजे अपरान्ह आहूत की जाती है।

[signature] 14/10/2020
प्राचार्य

Saurabh [signatures]

आदेश संख्या - 23 / 2020-21 / IQAC दिनांक 15/10/2020

उ.प्र. शासन के विशेष सचिव उच्च शिक्षा श्री योगेन्द्र दत्त त्रिपाठी के पत्रांक 511/सत्तर-3-2020 दिनांक 13/10/2020 तथा अपर मुख्य सचिव, मोनिका एस. गर्ग की अध्यक्षता में आज 11.15 पर Zoom माध्यम से हुई वर्चुअल बैठक में निर्देशित किया गया है कि दिनांक 17/10/2020 से 25/10/2020 तक नवरात्रि के दौरान "मिशन शक्ति" के अंतर्गत छात्राओं को जागरूक करने हेतु, कार्यक्रमों का आयोजन महाविद्यालय द्वारा किया जाना है। अतः उक्त कार्यक्रमों के संचालन की योजना हेतु समस्त प्राध्यापकों की एक आवश्यक बैठक IQAC कक्ष में अपराह्न 12:30 बजे आहूत की जाती है।

15/10/20
प्राचार्य

निर्णय (बैठक में लिए गए निर्णय) ATR

# दिनांक 18/10/2020 से 24/10/2020 तक वेबिनार का आयोजन होगा।
# प्रतिदिन 'मिशन शक्ति' की अवधारणा के अनुसार एक-एक वेबिनार किया जाएगा।
# महाविद्यालय के सभी सदस्य इस वेबिनार के लिए वक्ता की व्यवस्था में सहयोग करेंगे। वेबिनार के संचालन-संयोजन में सबका सहयोग अपेक्षित है।
# 17/10/2020 से 25/10/2020 तक ऑनलाइन मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया जाएगा।
# कार्यक्रम संचालन के लिए प्रभारी - डॉ० आशा तथा सह-प्रभारी - डॉ० सौरभ सिंह होंगे।

15/10/20
प्राचार्य

बैठक की सूचना – IQAC 06/11/2020

समस्त को सूचित किया जाता है कि यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार कक्षा-संचालन के संदर्भ में एक बैठक होनी है। प्राचार्य कक्ष में दोपहर 02:00 बजे इस बैठक में सबकी उपस्थिति आवश्यक है।

6/11/2020
प्राचार्य

ATR

बैठक में लिये गये निर्णय :

# कोविड-19 के मद्देनजर यू० जी० सी० द्वारा जारी दिशानिर्देश (दिनांक 05-11-2020) के अनुपालन में 24-11-2020 से महाविद्यालय में सर्वप्रथम बी० ए० - तृतीय वर्ष एम० ए० - तृतीय सेमेस्टर की कक्षाएं आरंभ की जाएं।
# समय सारणी के अनुसार कक्षा संचालित की जाये।
# कोविड-19 से बचाव के लिए 'शारीरिक दूरी', मास्क, सेनेटाइजर, हैण्ड वाश आदि सावधानियों का पालन किया जाये।
# सभी कक्षों की कक्षा संचालन के पूर्व सेनेटाइज किया जाये।
# COVID-19 task Force का गठन

6/11/2020
प्राचार्य

आदेश सं- 44/2020-21/IQAC 17/12/2020

उ०प्र० शासन की अपर मुख्य सचिव के पत्रांक 5609/सत्तर-2020-08(35)/2020 दिनांक 03/12/2020 तथा निदेशक उच्च शिक्षा उत्तरप्रदेश प्रयागराज द्वारा पृष्ठांकन संख्या डिग्री विकास/1108-10/2020-21 दिनांक 04/12/2020 के द्वारा तथा अपर मुख्य सचिव के पत्रांक-5687/सत्तर-3-2020-08(35)/2020 दिनांक 15/12/2020 जिसे शिक्षा निदेशक उच्चशिक्षा द्वारा पृष्ठांकन संख्या - डिग्री विकास/1133-35/2020-21 दिनांक 15/12/2020 द्वारा प्रेषित किया गया है, के अनुसार "राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षण संस्थान (महाविद्यालय) में e-लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जाना है। इस हेतु ऑनलाइन शिक्षा नीति के तहत शिक्षा में तकनीक के प्रयोग के सम्बन्ध में कार्ययोजना प्रेषित की गई है। जो संलग्न कर, प्रभारी e-लर्निंग प्रकोष्ठ सुश्री गीता रानी तथा प्रभारी ICT (प्रकोष्ठ) को, इस आशय से प्रेषित है कि वे उक्त कार्ययोजना के अनुसार महाविद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी के उपयोग तथा शिक्षा में तकनीक के इस्तेमाल हेतु जागरूकता हेतु शिक्षकों एवं छात्राओं हेतु जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन सुनिश्चित करें।

1. सुश्री गीता रानी — [signature]
2. डा० सौरभ सिंह — Saurabh [signature]
3. डॉ कमलेश सिंह — Kamlesh [signature]
4. डॉ राधाकृष्ण — [signature]
5. डॉ घनश्याम — [signature]

[signature] 17/12/2020
प्राचार्य

आदेश सं - 45/2020-21/IQAC दिनांक - 17/12/20

उ.प्र. शासन अपर मुख्य सचिव के पत्रांक 5608/सत्तर-3-2020-08(35)/2020 दिनांक 3/12/2020 तथा शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा प्रयागराज के पृष्ठांकन संख्या - डिग्री विकास/1111-13/2020-21 दिनांक 04/12/2020 के द्वारा समाज एवं उद्योग उपयोगी विषयों पर शोध एवं अध्ययन हेतु महाविद्यालय स्तर पर GRIC (गौरव रिसर्च इनोवेशन सेंटर) स्थापित करने तथा अधिकाधिक उद्योग - शैक्षणिक संपर्क, तथा उद्योगों में रिसर्च इंटर्नशिप प्रोत्साहित किये जाने को अनुश्रवण करते हुये महाविद्यालय और उद्योगों के बीच MOU हस्ताक्षर कराने हेतु आदेशित किया जाता है। जिस आदेश को संलग्न कर प्रभारी कैरियर काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट सेल डॉ० रवि प्रकाश को इस आशय से प्रेषित है कि इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

डॉ० रवि प्रकाश - Ravi

डॉ० राम कृष्ण - (sd.)

सुश्री गीता रानी - (sd.)

(sd.) 17/12/20

प्राचार्य

आदेश - 50/2021-21/IQAC दिनांक 24/12/20

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2019-20 के सत्रान्त अवसर पर प्राचार्य कक्ष में अपराह्न 2:00 बजे सत्र 2020-2021 की कार्य योजना हेतु आवश्यक बैठक आहूत की गई है, जिसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

24/12/2020
प्राचार्य

ATR Archana Gupta

आज दिनांक 24.12.2020 को प्राचार्य कक्ष में सम्पन्न हुई बैठक में सत्र 2020-2021 हेतु निम्नवत् निर्णय लिए गये।

- स्नातक स्तर पर बी०ए० तृतीय वर्ष की छात्राओं की कक्षाएँ प्रतिदिन संचालित की जायें, बी०ए० प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष की कक्षाएँ 03-03 दिन क्रमश: सोम, मंगल, बुध एवं बृहस्पति, शुक्रवार एवं शनिवार को संचालित की जाएँगी।
- स्नातकोत्तर स्तर की सभी कक्षाएँ प्रतिदिन संचालित होंगी।
- वार्षिकोत्सव को प्रतियोगिता का स्वरूप प्रदान किया जाय।
- विभागीय स्तर पर परिषदीय प्रतियोगिताओं का आयोजन सम्बंधित कक्षाओं में किये जायें एवं प्रतियोगिता स्थल पर ही पुरस्कार वितरित किये जायें।

24/12/2020
प्राचार्य

24/12/20

Archana Gupta

आदेश 60/2020-21/IQAC दिनांक 22/01/2021

आवश्यक सूचना

समस्त प्राध्यापक / कर्मचारी वर्ग –

राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालय में गठित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रभारियों को आदेशित किया जाता है वे अपनी-2 समिति के सदस्यों के साथ बैठक / विचार विमर्श कर शिक्षा निदेशक (उ०शि०) शिक्षा डिग्री अनुभाग के पत्र डिग्री विकास/1242-44/2020-21 दिनांक 18/01/2021 के अनुसार प्रदत्त कार्यों की एक विस्तृत, सारगर्भित योजना / Action Plan बनाना सुनिश्चित करें तथा उक्त कार्ययोजना के साथ दिनांक 29/01/2021 को IQAC कक्ष में आहूत बैठक में अपरान्ह 3 बजे प्रतिभाग सुनिश्चित करें। इस योजना को अमल में लाने हेतु प्रतिभाशाली छात्राओं को भी टीम में सम्मिलित किया जा सकता है।

आप सभी अवगत है कि नयी शिक्षा नीति के प्रावधानों को महाविद्यालय में लागू करने हेतु अनेक नई चुनौतियों का सामना करना होगा तथा नवाचार / स्टार्ट-अप हेतु माहौल विकसित करना हमारा लक्ष्य रहेगा। अतः आप सभी ~~सदस्य~~ - अपने - अपने विषय से सम्बन्धित नवाचार हेतु प्राथमिक कार्य योजना के साथ उक्त बैठक में सम्मिलित होना सुनिश्चित करें।

1. प्रभारी, उद्योग, अकादमिक एकीकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ – डॉ रविप्रकाश – Ravi
2. आनलाइन शिक्षा एवं LMS प्रकोष्ठ – सुश्री गीता रानी – [signature]
3. शिक्षक प्रशिक्षण प्रकोष्ठ – डॉ रामकृष्ण – [signature]
4. अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ – डॉ कमलेश कु० वर्मा – कमल
5. संस्थागत विकास योजना प्रकोष्ठ – डॉ रविप्रकाश गुप्ता – Ravi
6. एक्टिविटी प्रकोष्ठ – डॉ रविप्रकाश गुप्ता – Ravi
7. भारतीय भाषा, संस्कृति एवं कला प्रकोष्ठ – डॉ कमलेश कुमार वर्मा – कमल
8. दिव्यांग सहायता एवं वंचित समूह सहायता / योजना प्रचार-प्रसार प्रकोष्ठ – डॉ रामकृष्ण – [signature]
9. मेन्टरिंग एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श प्रकोष्ठ – सुश्री गीता रानी एवं समस्त प्राध्यापक गण [signature]
10. ग्रास रूट इनोवेशन सेल (GRIC) – डॉ रविप्रकाश – Ravi

[signatures] Archana Gupta

[signature] 22/01/21
प्राचार्य

आदेश 76/2020-21/IQAC 02/03/2021

समस्त प्राध्यापकों की एक आवश्यक बैठक आज प्रातः 11 बजे प्राचार्य कक्ष में आहूत की जाती है जिसमें सत्र 2020-21 के दौरान हुये समस्त आयोजनों की समीक्षा की जायेगी।

(signatures)

प्राचार्य 2/3/21

## ATR

(1) आज हुई बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये।

(1) 8 मार्च को आयोजित होने वाला Fest निम्न प्रकोष्ठ समितियों के बैनर द्वारा आयोजित होगा।
(A) स्टार्ट-अप एवं इन्क्यूबेशन प्रकोष्ठ
(B) उद्योग अकादमिक समाकरण एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ
(C) सम्प्रिविटी प्रकोष्ठ
(D) पुरातन छात्रा समिति
(E) एक भारत श्रेष्ठ भारत प्लान
(F) राष्ट्रीय सेवा योजना
(G) रेंजर्स
(I) IQAC
(G) GRIC

(2) महाविद्यालय के समस्त विभागों के परिषदीय कार्यक्रमों के पुरस्कार वितरण तथा मेधावियों सम्मान समारोह जो कोरोना काल के चलते दिसम्बर में संभव न हो सका था, का सम्मिलित आयोजन दिनांक 23/3/21 को आयोजित कर लिया जाय। इस अवसर पर एक कठपुतली शो "मोहन से महात्मा" का भी आयोजन किया जायेगा।

③ वित्तीय वर्ष 2020-21 समाप्ति पर है अतः क्रय समिति तथा RUSA समिति समस्त प्राप्त धनराशि का व्यय दिनांक 15/3/21 तक करना सुनिश्चित करें। तथा भुगतान करते समय GST तथा आयकर की नियमानुसार कटौती कर ली जाय।

④ परीक्षा समिति को आदेशित किया गया कि विश्वविद्यालय के पोर्टल पर समस्त परीक्षा फार्म सबमिट कर दिये जाय तथा उसकी सम्बंधित सूची कार्यालय में संरक्षित कर ली जाय।

⑤ प्रवेश कार्य समाप्त हो चुका है अतः प्रवेशित छात्रों की सम्बन्धित सूची प्रवेश प्रभारी तथा कार्यालय में भी विधिवत दोनों संरक्षित कर लें।

⑥ प्रवेश प्रभारी अपने स्तर से सुनिश्चित करें कि ~~सभी~~ कार्यालय द्वारा समस्त प्रवेशित छात्रों की फीस कार्यालय द्वारा समस्त सम्बन्धित खातों में प्रेषित / हस्तान्तरित कर दी गयी है अथवा नहीं।

⑦ नैक समिति ने सन 2018-19 के AQAR की Submit कर दी है। 2019-20 के AQAR 31 May से पूर्व Submit की जानी है अतः समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली जाय। AISHE का Data इस वर्ष मांगा नहीं गया है। इस हेतु तिथि निर्धारण के पश्चात DATA भर दिया जाय।

⑧ उद्योग अकादमिक समन्वयन एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ द्वारा इस वित्तीय वर्ष में विभिन्न संस्थाओं से MOU साइन करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाय।

[signatures] Kamlesh Saurabh Ravi

प्राचार्य

आदेश संख्या 77/2020-21/IQAC दिनांक 05/03/21

समस्त प्राध्यापकों को सूचित किया जाता है कि मिशन शक्ति के अंतर्गत तथा महाविद्यालय के स्टार्ट-अप इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेल तथा इंडस्ट्री एकेडेमिया कोलेबोरेशन एवं स्किल डेवलपमेन्ट सेल के निर्देशन में तथा महाविद्यालय की एक भारत श्रेष्ठ भारत, रेंजर्स, IQAC, उन्नत भारत अभियान, पुरातन छात्रा परिषद, एन.एस.एस., महिला सशक्तीकरण प्रकोष्ठ एवं GRIC के सहयोग से दिनांक 08 मार्च 2021 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में एक सांस्कृतिक मेला आयोजित किया जा रहा है। सभी सम्बन्धित समितियों के प्रभारियों, महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों एवं कु० ममता लाइब्रेरी, को आदेशित किया जाता है कि इस कार्य में सहयोग सुनिश्चित करें, अपने स्तर से छात्राओं को इसमें प्रतिभाग करने हेतु प्रेरित करें तथा प्रदत्त जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित करें।

इस हेतु आज अपरान्ह 2.30 बजे एक आवश्यक बैठक आई.क्यू.ए.सी. कक्ष में आहूत की जाती है जिसमें इस सांस्कृतिक मेले के आयोजन की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया जायेगा।

डा० [illegible]
प्राचार्य

Rani
Archana Gupta

ATR

आज हुई बैठक में सर्वसम्मति से निम्न निर्णय लिये गये।

1) कमरा नं (1), (2) तथा (3) में छात्राओं के परिधान, हैण्डीक्राफ्ट, Book Keeping, आदि 2 के स्टॉल लगाये जायेंगे।

② P.G. के कक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया जायेगा।

③ विमर्शिका में भोजन सम्बन्धी सभी स्टॉल लगाये जायेंगे।

④ [illegible] का स्टॉल कलावन्त में रहेगा।

⑤ स्थानीय कस्तूरबा इण्टर कॉलेज तथा सभी छात्राओं के परिवारी जनों (केवल महिलाओं) हेतु सांस्कृतिक मेला अपरान्ह 12 बजे से 3 बजे तक खुला रहेगा।

⑥ महाविद्यालय के समस्त शिक्षक समय-2 पर सभी स्टॉल पर चक्रमण करते रहेंगे जिससे व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे। जिन प्राध्यापकों को स्टॉल का सुपरविजन सौंपा गया है वह उसका निरीक्षण सुनिश्चित करेंगे।

⑦ इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं का स्वयं सहायता समूह "स्वयंसिद्धा" का भी आरम्भ होगा।

डा० ग०
प्राचार्य

Kamlesh Asha Vandana Gupta

आदेश सं.- 78/2020-21 दिनांक - 5/3/21

समस्त प्राध्यापकों, प्रवक्ता पुस्तकालय तथा समस्त कर्मचारियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 8/3/21 को प्रातः 11 बजे से "अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस" के अवसर पर छात्राओं को आर्थिक सशक्तीकरण का सन्देश देने के उद्देश्य से एक "सांस्कृतिक मेला" आयोजित है जिसमें आपसभी प्रातः 10 बजे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा आप सभी ~~सहयोगिक~~ सहयोगी जनों के परिवारी जन भी इस मेले में सादर आमंत्रित हैं।

Kamlesh Asha

डा० ग०
प्राचार्य

Vandana Gupta

मिठ्ठूराम

आदेश 02/2021-22/IQAC                                                    दिनांक 03.04.2021

सूचना

समस्त प्राध्यापक/कर्मचारी वर्ग-

आप सभी को सूचित किया जाता है कि दिनांक 10.04.2021 को महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव/पुरस्कार वितरण समारोह (सत्र 2020-21) होना निश्चित हुआ है जिसमें मुख्य अतिथि स्वरूप शिक्षा निदेशक उच्च शिक्षा उपस्थित रहेंगे। समारोह की तैयारियों हेतु एक आवश्यक बैठक ~~प्राचार्य~~ कक्ष में अपराह्न 1:00 बजे से दिनांक 05.04.2021 को आहूत की जाती है जिसमें सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

3/4/21
प्राचार्य

दिनांक: 05.04.2021

ATR

आज दिनांक: 05.04.2021 को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह-2021 के सफल आयोजन हेतु माईक्रो. ए. सी. कक्ष में अपराह्न 1.00 बजे एक आवश्यक बैठक आहूत की गई, जिसमें सर्वसम्मति से निम्नवत् निर्णय लिए गये।-

1. मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक, उच्च शिक्षा, उ०प्र० प्रो० अमित भारद्वाज को आमंत्रित किया जाय।
2. उद्घाटन - रूसा द्वारा निर्मित भवन, स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब एवं पुस्तकालय।
3. परिषदीय पुरस्कार वितरण प्राचार्य द्वारा किया जाएगा।
4. मेधावियों सम्मान निदेशक उ०शि० द्वारा प्रदत्त किये जाएंगे।
5. समारोह के सफल आयोजन हेतु रू० 25000/- मात्र की अग्रिम धनराशि आहरित की जाय।
6. कोविड-19 सम्बन्धी निर्देशों का पालन करते हुए कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

3/4/21
प्राचार्य

आदेश संख्या 04/2021-22/IQAC दिनांक 08.04.2021

सूचना

समस्त प्राध्यापक,

नैक मूल्यांकन के तृतीय चक्र के परिप्रेक्ष्य में AQAR 2019-20 को नैक के पोर्टल पर शीघ्र ही अपलोड किया जाना है इस हेतु अपने विभाग/समिति/इकाई से सम्बन्धित सूचनाएं संलग्न प्रारूप के अनुसार सॉफ्ट कॉपी IQAC.SEWAPURI@GMAIL.COM एवं हार्डकॉपी में महाविद्यालय कार्यालय में डॉ० मिथिलेश कुमार मिश्रा के पास 16.04.2021 तक जमा कर दें। इसकी सॉफ्ट कॉपी आपके ईमेल पर प्रेषित की जा रही है।

08/4/21
प्राचार्य

Archana Gupta
Asha
Saurabh

आदेश सं 05/2021-22 दिनांक 9/04/21

सूचना

महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों तथा प्रभारी लाइब्रेरी को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट वाराणसी के पत्रांक 672/जे.ए. III-2021 दिनांक 08/04/2021 के अनुपालन में महाविद्यालय 09/04/21 से 15/4/2021 तक बंद रहेगा। इस दौरान शिक्षण कार्य ऑन लाइन किया जायेगा तथा शिक्षकों द्वारा प्रतिदिन e-कन्टेंट अपलोड कर उसकी प्रतिदिन सूचना अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित की जायेगी। छात्राओं को भी अपनी ऑनलाइन कक्षाओं में डिजिटल लाइब्रेरी पोर्टल पर अध्ययन करने हेतु प्रेरित करना सभी सहयोगी सुनिश्चित करें तथा प्रतिदिन अपने विषय की छात्राओं की संख्या जिन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी पोर्टल पर access किया, की संख्या कार्यालय को प्रतिदिन भेजना सुनिश्चित करें। दिनांक 09/04/21 से 15/04/21 तक सभी प्राध्यापक मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे तथा अपना मोबाइल नं० हमेशा ऑन रखेंगे।

Scanned with OKEN Scanner